देहरादून, गुरुवार
9 अप्रैल 2020
गढ़वाल संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 12

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

उप्र के 15 जिलों में 108 हॉट स्पॉट चिह्नित 07
ट्विटर के सीईओ दोरजी ने राहत कार्यों के लिए दिए 7500 करोड़ 12





डुंडा ब्लॉक के एक गांव में मटर तोड़तीं महिला किसान • साभार कमलेश गुरुरानी

# जन मंच ने बेची 35 कुंतल मटर

जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी: आपदा प्रबंधन जन मंच उत्तरकाशी ने काश्तकारों की तैयार फसल को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। ताकि काश्तकारों के उत्पाद बिक सके और आम लोगों को ताजी सब्जी मिल सके। अभी तक जन मंच 35 कुंतल मटर बेच चुका है।

यह पहल आपदा प्रबंधन जन मंच की सहयोगी संगठन जाड़ी समिति, रिलायंस फाउंडेशन, रेणुका समिति, श्री भुनेश्वरी महिला आश्रम की ओर से की गई है। रिलायंस फाउंडेशन के कमलेश गुरुरानी ने बताया कि संगठन के सदस्यों ने खेत से लेकर उपभोक्ता तक पहुंचने की योजना पर कार्य शुरू कर दिए हैं। अभी तक डुंडा ब्लाक के दस गांवों के 40 किसानों ने 35 कुंतल मटर जन मंच को सौंपा। हर किसान से 28 से 30 रुपये प्रति किलो मटर लिया जा रहा है और 35 से 40 रुपये की दर से बेचा जा रहा है।